# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 | अंक-117 | सागवाड़ा, सोमवार,27 दिसम्बर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## दलाल व दुल्हन की मां सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार

### तीन लाख रूपये देकर शादी करवाने और शादी के 15 दिन बाद दुल्हन को भगा ले जाने का मामला

**साबला।** डूंगरपुर जिले की साबला थाना पुलिस ने तीन लाख रूपये देकर शादी करवाने और शादी के 15 दिन बाद दुल्हन को भगा ले जाने के मामले में दलाल व दुल्हन की माँ सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वही आरोपी दुल्हन अभी भी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। साबला थानाधिकारी ने बताया की साबला निवासी अटल बिहारी जैन ने थाने में एक अक्टूबर को मामला दर्ज करवाया था। जिसमे जैन ने बताया था की समाज में लड़कियों की कमी के कारण मध्यप्रदेश के दलाल गुलाबसिंह से संपर्क किया था । उसने सोना जायसवाल नाम की लड़की से शादी करवाने के नाम पर 3 लाख रुपये की डिमांड की थी ।जिस पर 3 अगस्त को दलाल गुलाबसिंह, उसकी पत्नी रजनी, लड़की सोना जायसवाल, मामा तिलक, लड़की की मॉं रेखा व उसकी बहन अनुष्का अटल बिहारी जैन के घर आए थे। घर मे बैठकर शादी की बातें तय हुई और उसी समय 3 लाख रुपये दलाल गुलाबसिंह को दे दिए थे ।

इसके बाद आसपुर कोर्ट से 500 रुपये के स्टाम्प पर शादी की लिखा पढ़ी की और गोल आसपुर मंदिर में शादी करवाई गई । शादी के बाद परिवार के लोग लड़की को छोड़कर वापस एमपी चले गए।

दुल्हन 15 दिन तक उसके घर पर रुकी। इसके बाद 22 सितम्बर को रक्षा बंधन पर्व पर दुल्हन के मामा तिलक उनके घर साबला आए थे ओर सोना को अपने साथ घर ले गया था । रक्षा बंधन के बाद भी सोना वापस साबला नहीं आई तो पीड़ित ने दलाल गुलाबसिंह व परिवार के लोगों से बात की तो 5 लाख रुपये की फिर से मांग करने लगे। जिस पर पीड़ित ने थाने में एक अक्टूबर को मामला दर्ज कराया था। इधर पीड़ित अटल बिहारी जैन की रिपोर्ट पर पुलिस ने छानबीन करते हुए दलाल सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाधिकारी ने बताया कि दलाल गुलाबसिंह सिसोदिया निवासी कालापीपला शाजापुर एमपी, उसकी पत्नी रजनी सिसोदिया , मामा तिलक दानल निवासी शाहजहानाबाद भोपाल, दुल्हन की माँ रेखा निवासी आनंद नगर भोपाल को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में दुल्हन सोना जायसवाल फरार है और पुलिस की टीम उसकी तलाश कर रही है।

## राजस्थान में घना कोहरा, सर्द हवाओं से ठिठुरन



**जयपुर।** राजस्थान के 14 से ज्यादा शहरों में रविवार को हुई बारिश के बाद सोमवार को सर्दी का असर दोबारा बढ़ गया है। जयपुर ,नागौर, अजमेर, अलवर सहित कई जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। जयपुर के ग्रामीण इलाकों में सीजन का पहला घना कोहरा देखने को मिला। इससे विजिबिलिटी बहुत कम रह गई। 150 मीटर दूर खड़ा व्यक्ति या वाहन भी नहीं दिख रहा था। जयपुर में बीते 12 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा 4.9MM बारिश हुई। जयपुर के अलावा अजमेर, नागौर, अलवर, बीकानेर, श्रीगंगानगर हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, टोंक और करौली जिले में बारिश हुई। जयपुर मौसम केन्द्र के मुताबिक प्रदेश के कोटा, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में आज भी बारिश होने की संभावना है। कोहरे के कारण हाईवे सहित अन्य मार्गों पर वाहन चालकों को लाइट ऑन करके कम स्पीड में गाड़ियां चलानी पड़ी। जयपुर शहर में अलसुबह तक बादल छाने के साथ कोहरा भी छाया हुआ था, लेकिन जैसे-जैसे कोहरा हटता चला गया, हल्की गुनगुनी धूप निकलने लगी, जिससे लोगों को सर्दी से मामूली राहत मिली। इधर बारिश फसलों के लिए भी अच्छी रही। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक ये समय रबी की फसलों को पानी देने का है और ऐसे में बारिश होना काफी फायदेमंद है। कोहरा और नमी ज्यादा होने से भी फसलों को काफी फायदा होगा।

## कोविड टीका रथ और वागड़ बाइक टीका एक्सप्रेस करेंगे जागरूक

**डूंगरपुर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग व केयर इण्डिया फाउंडेशन की ओर से कोविड टीका रथ और वागड़ बाइक टीका एक्सप्रेस को आज डूंगरपुर शहर की गेपसागर की पाल से रवाना किया। डूंगरपुर जिले के सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया की जिले में कोरोना वेक्सिनेशन से वंचित 4 लाख 36 हजार लोगो को कोरोना वेक्सिन लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए केयर इण्डिया फाउंडेशन के सहयोग से कोविड टीका रथ और वागड़ बाइक टीका एक्सप्रेस को रवाना किया गया है। उन्होने बताया की कोविड टीका रथ व वागड़ बाइक टीका एक्सप्रेस को क्लेक्टर सुरेश कुमार ओला, सीईओ अंजली राजोरिया, सागवाडा नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें 5 जीप रथ ओर 50 बाइक जिले के हर गांव में जाकर लोगों को कोविड टीका लगवाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस मौके पर कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर ओमिक्रोन की संभावना बताई जा रही है, लेकिन इससे पहले 100 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। जिले में 83 प्रतिशत लोगों को पहली डोज ओर 70 प्रतिशत को दूसरी डोज लग गई है। रथ के माध्यम से कोरोना वेक्सीनेटर ओर वेरिफायर वंचित लोगों के घरों पर जाकर वैक्सीन लगाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 18 प्लस के 10 लाख 43 हजार लोगो को वैक्सीन का टारगेट है। इसमें से 8 लाख 68 हजार 83 लोगों को पहला डोज लग गया है। 1 लाख74 हजार 917 को पहली डोज लगनी बाकी है।

वहीं 6 लाख 6 हजार 329 लोगों को दूसरी डोज लगी है, लेकिन 4 लाख 36 हजार 671 को दूसरी डोज लगनी बाकी है।

## गौरव पथ सड़क निर्माण कार्य के बीच में आ रहे पक्के अतिक्रमण हटाए

**साबला।** डूंगरपुर जिले की साबला पंचायत समिति क्षेत्र के भाटोली गांव में आज ग्राम पंचायत ने पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में गौरव पथ सड़क निर्माण कार्य के बीच में आ रहे पक्के अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई। वही अन्य अतिक्रमियो को अतिक्रमण हटाने के लिए। दिन का समय दिया गया है। भाटोली पंचायत के सरपंच देवीलाल मीणा ने बताया की भाटोली गाँव में एक माह पहले गौरव पथ सड़क स्वीकृति हुई थी। लेकिन गाँव में सड़क के बीच में हो रहे अतिक्रमण के चलते सडक का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका था। जिसके बाद पंचायत की ओर से 18 अतिक्रमियो को अपने अतिक्रमण हटाने की लिए नोटिस जारी किये थे। लेकिन इन लोगो ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया। इधर नोटिस की तामिल नहीं होने पर पंचायत ने आज पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान सरपंच देवीलाल मीणा, साबला तहसीलदार नरेंद्र सिंह, साबला थाना प्रभारी मनीष कुमार, गिरदावर हिमेश भावसार व अशोक रोत , सचिव महेंद्र कुमार और ग्राम पंचायत कोर कमेटी के सानिध्य में गांव के मुख्य मार्ग पर बने अवैध दुकान, मकान, परकोटे को जेसीबी से ध्वस्त कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पंचायत व प्रशासन की इस कार्यवाही का अतिक्रमियों ने जमकर विरोध भी किया। लेकिन प्रशासन ने आक्रोशित लोगों को समझाइश कर शांत किया। वही इस मौके पर सरपंच देवीलाल मीणा ने बताया की ग्राम पंचायत की ओर से 12 और लोगो को सात दिन में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी कर अल्टीमेटम दिया गया है। वही इन लोगो द्वारा भी यदि तय समय में अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो उनके अतिक्रमणों को भी ध्वस्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

## कामचोरी नहीं काम चाहिए

### कलेक्टर ने ली अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक

**डूंगरपुर।** कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियो की साप्ताहिक बैठक लेते हुए विभागीय योजनाओ की समीक्षा की। वही इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को साफ-साफ़ शब्दों में कहा की उन्हें कामचोरी नहीं काम चाहिए साथ ही काम में कमिया व लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बैठक में कलेक्टर सुरेश कुमार ओला, जिला परिषद सीईओ अंजली राजोरिया सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला कलेक्टर ने विभागवार विभागीय योजना, मुख्यमंत्री बजट घोषणा व सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सबसे पहले कलेक्टर ओला ने चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कोविड टीकाकरण की समीक्षा करते हुए प्रगति जानी। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को लक्ष्य तय करते हुए शत प्रतिशत लोगो के सेकेण्ड डोज लगाने के निर्देश दिए। जिस पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त सीएमएचओ ने 15 दिन के भीतर शत प्रतिशत सेकेण्ड डोज लगाने के लिए आश्वस्त किया साथ ही कोरोना से हुई डेथ के मामले में ऐसे लोग जो अभी वंचित है उन्हें कोविड 19 बाल कल्याण योजना से लाभन्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री बजट घोषणा के कार्यो की प्रगति की जानकारी लेते हुए तय समय में कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियो को हिदायत दी की सरकार की मंशानुरूप विभागीय कार्यो व योजनाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी उन्होंने अधिकारियो को साफ़-साफ़ शब्दों में कहा की उन्हें काम चाहिए कामचोरी नहीं। कलेक्टर ने कहा वे एक जिला स्तरीय टीम का गठन करेंगे जो की फिल्ड का दौरा करेगी साथ ही वे खुद भी फिल्ड में जाकर काम देखेंगे और यदि इस दौरान कही कोई कमी व लापरवाही मिलती है संबधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### गामडी अहाडा सीएचसी भवन के घटिया निर्माण मामले की मांगी रिपोर्ट

कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने दो दिन पहले गामडी अहाडा सीएचसी भवन के घटिया निर्माण की मीडिया में आई खबरों के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियो से तथ्यात्मक जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियो से पुरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। गौरतलब है की दो दिन पहले गामडी अहाडा सीएचसी भवन निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने काम को रुकवा दिया था।

## राजस्थान में 3 ओमिक्रॉन पॉजिटिव और मिले



**जयपुर।** राजस्थान में ऑमिक्रॉन पॉजिटिव मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। आज प्रदेश में 3 मरीजों की पुष्टि हुई है, जिसमें 2 मरीज जयपुर के बताए जा रहे है, जबकि एक उदयपुर का।

इस तरह राज्य में अब इस नये वैरिएंट से संक्रमित होने वालों की संख्या 43 से बढ़कर 46 हो गई। इसमें सबसे ज्यादा 30 केस जयपुर के है, जबकि 7 अजमेर के, सीकर, उदयपुर के 4-4 और एक महाराष्ट्र से जयपुर आया व्यक्ति है। सूत्रों के मुताबिक जयपुर में ओमिक्रॉन का पहली बार एक साथ 5 दिसंबर को 9 केस मिले थे। उसके बाद से लगातार केस में इजाफा होता जा रहा है। 25 दिसंबर को भी राज्य में 21 नये केस की पुष्टि पुणे स्थित लैब से हुई थी। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान से मिली रिपोर्ट के मुताबिक इन 46 मरीजों में से 37 मरीज तो रिकवर होकर घर जा चुके है, जबकि शेष मरीजों का इलाज चल रहा है। जयपुर में पिछले 24 घंटे के अंदर कोरोना के 43 नये केस मिले है। इसमें सबसे ज्यादा मामले 7 मामले वैशाली नगर के है। इसके अलावा मानसरोवर में 6, सी-स्कीम, सोडाला में 5-5, अजमेर रोड, तिलक नगर में 3-3, मालवीय नगर, जवाहर नगर में 2-2, जबकि ब्रह्मपुरी, गोपालपुरा बाइपास, गुर्जर की थड़ी, लालकोठी, टोंक रोड, शास्त्री नगर, राजापार्क में एक-एक केस मिला है।

## तीन शातिर महिलाओं ने की शहर में रेडीमेड कपड़ों की दुकान में कपड़ो की चोरी

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात, कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार


**डूंगरपुर।** शहर में शास्त्री मार्ग पर रेडीमेड कपड़ो की दुकान में कपडे खरीदने के बहाने आई तीन शातिर महिलाओं ने दुकान से कपडे चोरी कर लिए। हालाकि व्यापारी की सजगता से तीनो महिलाए पकड़ी गई। कोतवाली थाना पुलिस ने तीनो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। वही ये वारदात सीसीटीवी केमरे में भी कैद हो गई है। कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया की शहर के शास्त्री मार्ग पर स्थित एक रेडीमेड कपड़ो की दुकान पर तीन महिलाए बच्चो के साथ कपडे खरीदने के लिए आई। इस दौरान महिलाओं ने व्यापारी को जींस पेंट दिखाने को कहा। इस दौरान प्रत्येक महिला अलग डिजाइन दिखाने को कहते हुए व्यापारी का ध्यान भटकाने में लगी रही और इसी दरमियान तीनो महिलाओं को तीन जींस की पेंट छिपा ली। इससे पहले व्यापारी को कुछ पता चलता तीनो महिलाए पेंट पसंद नहीं आने का बहाना कर के दुकान से निकल गई। तभी व्यापारी को संदेह हुए तो व्यापारी उन महिलाओं के पीछे भागा और उन महिलाओं को रोका और पेंट लौटाने को कहा। लेकिन तीनो महिलाए भागने लगी जिस पर व्यापारी चिल्लाया जिससे मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान महिलाओ के कब्जे से व्यापारी ने तीन पेंट बरामद की। सुचना पर कोतवाली थाने के एएसआई देवेन्द्र सिंह व टीम मौके पर पहुंचे और तीनो महिलाओं को हिरासत में लिया और थाने लेकर गई। इधर ये पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी केमरे में कैद हुई है। पुलिस ने तीनो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में महिलाओं ने बताया की तीनो महिलाए बारा जिले के तलावड़ा गांव निवासी है। तीनो महिलाए आज उदयपुर से बस में बैठकर डूंगरपुर आई थी। फिलहाल पुलिस तीनो आरोपी महिलाओं से पूछताछ कर रही है।

## पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक 29 दिसंबर को

**सागवाड़ा।** पंचायत समिति सागवाड़ाकी साधारण सभा की बैठक 29 दिसंबर,बुधवार को सुबह 11:00 बजे पंचायत समितिसभागार में प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा की अध्यक्षता में होगी।

### एसएलबीसी की 151वीं बैठक तथा नाबार्ड की राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी

## किसानों की कर्ज माफी में राष्ट्रीयकृत बैंक करें अपेक्षित सहयोग : गहलोत




**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों की कर्ज माफी के अपने वादे को पूरा करते हुए राष्ट्रीयकृत बैंकों के फसली ऋणों की माफी के लिए एकमुश्त ऋण माफी योजना लाकर गरीब किसानों को राहत देने के संबंध में बैंकों को प्रस्ताव भेजा गया है। इस प्रस्ताव को क्रियान्वित कर राष्ट्रीयकृत बैंक किसानों की कर्ज माफी में राज्य सरकार को अपेक्षित सहयोग करें। गहलोत सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 151वीं बैठक तथा नाबार्ड की राजस्थान राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी 2022-23 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा हाल ही में लाई गई एकमुश्त ऋण माफी योजना में एनपीए में वर्गीकृत कृषि ऋणों की माफी की गई है। जिसमें 90 प्रतिशत ऋण बैंक ने माफ किया है जबकि शेष 10 प्रतिशत कृषक ने दिया है। इसी योजना की तर्ज पर अन्य बैंक भी योजना लाकर गरीब किसानों को राहत दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसमें कृषक के हिस्से की 10 प्रतिशत राशि देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं बैंकों का मकसद किसानों को राहत देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को राहत प्रदान करने एवं विकास की गति को बनाए रखने के लिए पिछले तीन वर्ष में राज्य सरकार द्वारा कई प्रयास किए गए हैं। सरकार बनते ही सबसे पहले हमने किसानों का ऋण माफी के आदेश जारी कर अब तक 14 हजार करोड़ का सहकारी बैंकों का कर्ज माफ किया गया जिसमें पिछली सरकार का भी 6 हजार करोड़ का कर्ज सम्मिलित है। राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार 30 नवम्बर, 2018 को एनपीए घोषित राष्ट्रीयकृत बैंकों के कृषक खातों के कर्ज माफ किए जाने शेष हैं। गहलोत ने कहा कि कोरोना काल के आर्थिक संकट में ग्रामीण क्षेत्र में नरेगा योजना ने लोगों को काफी संबल दिया। शहरी क्षेत्र में ऐसी योजना नहीं होने के कारण राज्य सरकार युवाओं को संबल प्रदान करने के लिए 'इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना' लेकर आई। योजना के तहत युवाओं को रोजगार/स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 50 हजार रूपए का ऋण बिना ब्याज का उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के साथ ही इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य योजनाओं से जुड़े लोगों को ऋण उपलब्ध कराने में बैंक आगे आकर सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के वर्ष 2022-23 के स्टेट फोकस पेपर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि नाबार्ड ने इसमें प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए संभावित ऋण का आकलन 2.50 लाख करोड़ का किया है, जो पिछले वर्ष के संभावित आकलन की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में इन प्राथमिकताओं को संबोधित किया है।

## पाटीदार समाज का 29 वां युवा स्नेह सम्मेलन एवं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 29 से पाडवा में

**सागवाड़ा।** पाटीदार समाज का 29 वां युवा स्नेह सम्मेलन एवं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 29 दिसंबर को चौखला पाड़वा के तत्वावधान में गांव पाडवा के खेल मैदान में आयोजित होने जा रहा है जिसका उद्घाटन राजस्थान सरकार केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया 29 दिसम्बर बुधवार प्रात: 9:30 बजे करेंगे। पाटीदार समाज के प्रदेशाध्यक्ष डायालाल पाटीदार पाड़वा एवं खेल समिति के जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र अम्बाडा ने बताया कि उद्घाटन समारोह महेन्द्रजीत सिंह मालवीया जल संसाधन मंत्री राजस्थान सरकार के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी डूंगरपुर के जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सागवाड़ा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार बामणिया, नगर पालिका के चेयरमैन नरेन्द्र खोडनिया, पूर्व उप जिला प्रमुख प्रेमकुमार पाटीदार, ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष प्रेमजीभाई करियाणा, विद्यानगर के चेयरमेन डायालाल विकासनगर, ट्रस्ट मंडल के मेनेजिंग डायरेक्टर गोपाल भाई जैसला, राजस्थान पाटीदार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष डायालाल पाटीदार पाड़वा, प्रगति मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव पाटीदार पाड़वा, पेंशनर समाज के अध्यक्ष गोविंदराम पाटीदार विराट, युवा सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज पाटीदार भेमई होंगे। प्रतियोगिता का समापन 30 दिसम्बर गुरुवार को सायं 5:30 बजे आयोजित होगा। प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

पहले दिन के भोजन के दाताश्री भगवानजी पाटीदार पत्नी मोगी देवी भाणेज पाती कलोत पाडवा, दूसरे दिन के भोजन के दाता गोकुलजी पिता दलजी पाटीदार अखेपुर और पारितोषिक एवं खेल सामग्री के दाताश्री गिरीश पिता डूंगरजी पाटीदार लउवोत पाड़वा है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में पाटीदार समाज के 91 गांवों के युवा, खिलाड़ी तथा पुरुष एवं महिलाएं भाग लेंगी।

## किसानों को नए साल का तोहफा देंगे मोदी

**नई दिल्ली।** नव वर्ष का पहला दिन किसानों के लिए नई खुशी लेकर आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के किसानों को नए साल में तोहफा देंगे। पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को चालू वित्त वर्ष की तीसरी किस्त का पैसा मिल जाएगा। इसके लिए आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी तीसरी किस्त की राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में जमा कराएंगे। इसका लाभ देश के लगभग 12 करोड़ किसानों को प्राप्त होगा। आयोजन की सूचना सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की सरकारों को भेज दी गई है। कृषि सुधार के तीनों कानूनों की वापसी के बाद प्रधानमंत्री मोदी का यह पहला बड़ा आयोजन होगा, जिसमें वह देश के किसानों को सीधे संबोधित कर सकते हैं। केंद्रीय योजनाओं में गांव, गरीब और किसानों को उच्च प्राथमिकता देने वाली मोदी सरकार पीएम-किसान के तहत किसानों को अब तक नौ किस्तें दे चुकी है। एक जनवरी, 2022 को जारी की जाने वाली दो हजार रुपये की यह 10वीं किस्त होगी।